तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 लगातार झमाझम बारिश से सड़क तालाब में तब्दील, राहगीर परेशान



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय युवा संसद चैंपियनशिप 4 नवंबर को

अम्बिकापुर। माय भारत सरगुजा के द्वारा जिला स्तरीय युवा संसद चैंपियनशिप का आयोजन 4 नवंबर को राजीव गांधी शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में किया जाएगा। युवा अधिकारी प्रिंस सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत सरगुजा एवं राजीव गांधी शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान, तार्किक चिंतन एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे तथा राष्ट्रीय महत्व के इस विषय पर अपने तर्कों एवं दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। आयु की गणना के लिए 17 अगस्त 2026 को निर्धारित कट-ऑफ तिथि माना जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, विचारों की स्पष्टता, संवाद शैली, रचनात्मकता, भाषा के प्रवाह तथा निर्धारित समय-सीमा के पालन के आधार पर किया जाएगा।

अवैध सागौन चिरान परिवहन में जब्त, पिकअप होगा राजसात

अम्बिकापुर। अवैध सागौन चिरान परिवहन के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग ने दो तीन साल पुराने मामले में वाहन को राजसात करने की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र अन्तर्गत परिक्षेत्र सहायक वृत्त अम्बिकापुर में 3 मार्च 2023 को वन कर्मचारियों के गश्ती के दौरान आरएफ 2581 गाड़ाघाट मगरडोडा के पास अवैध रूप से सागौन चिरान 40 नग 0.567 घन मीटर लोड कर अवैध रूप से वगैर वैद्य दस्तावेज के परिवहन करते हुए महिन्द्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 वाई 2651 को वन कर्मचारियों द्वारा जब्त किया गया था। मामले में वन विभाग ने भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1), धारा 41 नियम 24 काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 अभिवहन धारा 05 (1) में दर्शित धाराओं के अन्तर्गत वन अपराध दर्ज कर वाहन को काष्ठागार डिपो में सुरक्षित रखा गया। अब इस मामले में जब्त वाहन को मय वनोपज शासन के पक्ष में राजसात किये जाने बावत अनुशंसा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। वन विभाग द्वारा साक्ष्य गवाहों के बयान व अन्य कार्रवाई के लिए वाहन स्वामी को नोटिस भेजा गया था लेकिन नोटिस के बाद भी वाहन स्वामी उपस्थित नहीं हुआ। ऐसे में अब वन विभाग दवारा कार्रवाई कर वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू की गई है और वाहन स्वामी को 30 दिनों का अंतिम समय दिया गया है।

32 करोड़ के कार्यों का हो चुका है कायदिश

डामर की कीमतों में ढाई गुना की वृद्धि अटका 42 सड़कों का डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद भी नगर निगम क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। 32 करोड़ रूपए की लागत से 42 सड़कों के निर्माण हेतु टेंडर और कार्यादेश जारी होने के बाद भी ठेकेदार निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे है। इसके पीछे की मुख्य वजह एक बार फिर से डामर की कीमतों में भारी उछाल को बताया जा रहा है। बारिश खत्म होते ही डामर की कीमतों में ढाई गुना तक की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे में ठेकेदार डामरीकरण का कार्य करने से पीछे हट रहे है। हालांकि नगर निगम द्वारा कैबिनेट में प्रतिपूर्ति राशि दिए जाने का निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया गया है और अगले हफ्ते से कार्य शुरू कराने की बात कही जा रही है।

खास बात

- प्रतिपूर्ति राशि मिलने के आश्वासन पर माने ठेकेदार

बता दें कि नगर निगम क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। प्रमुख व्यावसायिक मार्गों के साथ ही शहर के अंदरूनी सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। समय पर मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण निगम क्षेत्र के सड़कों की स्थिति और भी बदतर हो गई है और बारिश के मौसम में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर बने गड्ढों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हुए। सड़कों को लेकर विपक्ष ने भी सरकार पर हमला बोला और विरोध-धरना प्रदर्शन किया। इस बीच यह जानकारी सामने आई थी कि नगर निगम क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सड़कों के मरम्मत के लिए शासन स्तर से मुख्यमंत्री नागरोत्थान योजना अंतर्गत 6 और अधोसंरचना मद से 36 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 42 सड़कों के निर्माण और जीर्णोद्धार के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा टेंडर जारी करने के साथ ही वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद बारिश खत्म होते ही 15 अक्टूबर से डामरीकरण का कार्य शुरू होना था लेकिन अक्टूबर का महीना समाप्त होने को है लेकिन अभी तक डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ। जिसे लेकर अब यह जानकारी सामने आई है कि बारिश के पहले डामर की कीमतों में इजाफा हुआ लेकिन बारिश में डामर की कीमतें नियंत्रित हुई लेकिन अब बारिश खत्म होते ही अक्टूबर महीने से ही डामर की कीमतों में भारी उछाल हुआ है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में डामर का एसओआर दर 45 रूपए प्रति किलो है तो बाजार दर सीधे 105 रूपए रूपए प्रति केजी तक हो गया है। डामर की कीमतों में लगभग ढाई गुना तक की वृद्धि से ठेकेदारों ने अपने हाथ खड़े कर दिए है जिससे नगर निगम की भी चिंता बढ़ गई है। बढ़ी हुई कीमतों पर काम करना ठेकेदारों के लिए बड़ी चुनौती है।



बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

42 सड़कों का होना है काम

नगर निगम क्षेत्र में शासन द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत 6 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इन सड़कों का निर्माण 21 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इस योजना के तहत महामाय मंदिर से खरसिया रोड, भट्ठा पारा से रिंग रोड, फारेस्ट बेरियर से शंकरघाट, नवापरा से गोधानपुर, मौलवी बांध से गौरव पथ, संगम चौक से बीही बाड़ी होते हुए रानी तालाब तक की सड़क शामिल है। इन सड़कों के निर्माण के दौरान जरूरत के अनुसार नाली, पुलिया का निर्माण करने के साथ ही विद्युत पोल स्थापित किए जाने है। वहीं शहर में जर्जर हो चुकी अधितम सड़कों को नगर निगम दवारा अधोसंरचना मद में शामिल किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में प्रमुख सड़कों के साथ ही अंदरूनी सड़कों के मरम्मत हेतु कुल 36 सडकों का चयन किया गया है। इन सड़कों पर 11 करोड़ रूपए की लागत से डामरीकरण का कार्य किया जाना है। योजना के तहत कन्या परिसर से माखन विहार, जेल रोड, वीरेंद्र प्रभा रोड, चांदनी चोक से खैरबार सहित अंदरूनी सड़कें शामिल है।

बैठक लेकर दिया गया आश्वासन

डामर की कीमतों में हुए इजाफे और सड़क निर्माण को लेकर नगर निगम आयुक्त विनय अग्रवाल ने ठेकेदारों की बैठक ली। इस दौरान ननि आयुक्त ने ठेकेदारों की समस्या को सुनने के साथ ही उन्हें बताया कि डामर की कीमतों हुए इजाफे को लेकर शासन भी गंभीर है। शासन द्वारा कैबिनेट में निर्णय लिया गया है कि डामर की कीमतों में हुई वृद्धि के मद्देनजर प्रतिपूर्ति की राशि प्रदान की जाएगी। प्रतिपूर्ति राशि को लेकर शासन से आश्वासन मिला है। जल्द ही नगरीय प्रशासन से इस संबंध में आदेश जारी हो जाएगा। ननि आयुक्त ने अलगे सप्ताह से ठेकेदारों को डामरीकरण का कार्य शुरू करने की बात कही जिसपर ठेकेदारों ने भी सकारात्मक आश्वासन दिया है। ऐसे में अब शासन से प्रतिपूर्ति राशि मिलने के आदेश का इंजतार है।

जल्द शुरू होगा निर्माण

डामरीकरण का कार्य करने के लिए जल्द ही भूमीपूजन कार्यक्रम कराया जाएगा। डामर की कीमतों में ढाई गुना की वृद्धि हुई है। शासन स्तर पर कैबिनेट में प्रतिपूर्ति राशि जारी करने का निर्णय लिया गया है। हमने ठेकेदारों की बैठक लेकर उन्हें आश्वासन दिया है। डामरीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा।

-विनय अग्रवाल, आयुक्त ननि



मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित बैच को दिलाई गई कडवेरिक ओथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित एमबीबीएस छात्र छात्राओं के लिए एनाटॉमी विभाग द्वारा कडवेरिक ओथ सेरिमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम के मार्गदर्शन में शरीर रचना विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. परमानंद अग्रवाल ने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को अध्ययन प्रारम्भ करने से पहले मृत देह के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई गई। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में वर्ष 2026 बैच में कुल 125 छात्र-छात्राओं का एडमिशन यूजी कक्षा में हुआ है। मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा से 104, ऑल इंडिया कोटा से 18 और सेन्ट्रल पूल कोटा से 3 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया है। मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल पूल कोटा से इस बार नेपाल से दो और लद्दाख से एक विद्यार्थी ने प्रवेश लिया है। एडमिशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया जा चुका है और छात्र छात्राओं के लिए विशेस रूप से वाईट कोट सेम्रिमानी का आयोजन किया गया। वाईट कोट सेरीमनी में छात्र छात्राओं को अधिष्ठाता, अधीक्षक सहित अन्य प्रोफेसरों ने वाईट कोट पहनाकर प्रवेश कराया इसके साथ ही उन्हें चरक शपथ दिलाई गई थी। इसके बाद ही शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में छात्र छात्राओं को पढ़ाई के दौरान काम आने वाले मृत देह के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई गई।

शरीर रचना विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. परमानंद अग्रवाल द्वारा छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य भावी चिकित्सा पेशेवरों में गहरी संवेदना विकसित करना है, ताकि वे न केवल जीवित बल्कि मृत अवस्था में भी संपूर्ण मानव जाति के प्रति अगाध सम्मान का भाव रखना सीख सकें। इस शपथ के माध्यम से विद्यार्थियों ने उन कैडेवर्स (मृत शरीरों) के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया, जिनसे वे विच्छेदन (डिसेक्शन) हॉल में मानव शरीर की सूक्ष्म रचना का अध्ययन करेंगे। शरीर रचना के दौरान धमनी, सिरा, ऊतक, हृदय, लिवर, मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र व अन्य शारीरिक संरचना की पढ़ाई करते है। यह अनुष्ठान वैज्ञानिक दक्षता और चिकित्सा नैतिकता को आपस में जोड़ते हुए भावी डॉक्टरों में सहानुभूति, कृतज्ञता और व्यावसायिक गरिमा की संस्कृति को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर डॉ. तनिष्का, डॉ. आर्यन, डॉ. क्रितिका व विभाग के अन्य समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- अध्ययन से पहले दिलाई मृत देह के प्रति सम्मान की शपथ

बस व बाइक के बीच भिडंत, दो दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के कुसमी में बस और बाइक के बीच हुई भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही बस को जब्त कर अपराध दर्ज किया है और घटना की जांच चल रही है।

- वाहन को जब्त कर जांच में जुटी पुलिस, कुसमी की घटना



बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम कांची निवासी 18 वर्षीय ननसू राम बरगाह आ. रमेश राम अपने दोस्त राजू राम के साथ गुरुवार को किसी काम से कुसमी आया था। शाम को 5 बजे दोनों दोस्त बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 7908 से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5.20 बजे ग्राम गोविंदपुर के पास जशपुर की ओर से आ रही पॉपुलर बस से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत ⏭शेष पेज 3 पर

जर्जर सड़क की बलि चढ़ गए बुजुर्ग व्यवसायी

सीतापुर। व्यवसायिक कार्य से बाजार जाने के लिए निकले 70 वर्षीय बुजुर्ग नेशनल हाईवे क्रमांक 43 के जर्जर सड़क की बलि चढ़ गए बाजार जाने के सड़क पर निर्मित गड्ढे की चपेट में आकर बुजुर्ग स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़े, इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और पिछला चक्का सिर पर चढ़ने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके साथ ही घटना को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार नगर के थोक किराना व्यवसायी त्रिलोकचंद गोयल शाम को अपनी स्कूटी से व्यवसाय के सिलसिले में बाजार की ओर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही वो सरगुजा साड़ी हाउस के पास पहुंचे उनकी स्कूटी सड़क में निर्मित गड्ढे की चपेट में आकर असंतुलित हो गई और वो स्कूटी समेत सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरते ही पीछे से रायगढ़ की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक यूपी 78 जेएन 2987 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और ट्रेलर का पिछला चक्का उनके सिर पर चढ़ गया। जिससे बुजुर्ग व्यवसायी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद शव हॉस्पिटल ले जाने लोगों ने एम्बुलेंस बुलाया पर एम्बुलेंस समय पर नही पहुंची। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने स्ट्रेचर पर लादकर शव हॉस्पिटल पहुंचाया। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी जिसकी वजह से कुछ देर के लिए सड़क जाम एवं घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था। थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने सूझबूझ से काम लेते हुए ट्रेलर को जब्त कर थाने भिजवाया एवं मौके से भीड़ हटाकर सड़क पर आवागमन बहाल कराया। फिलहाल पुलिस ने ट्रेलर जब्त करने के बाद इस मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है।

- ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर हो गई दर्दनाक मौत



20 नवंबर को रहेगा कार्तिक एकादशी देवउठनी का अवकाश

अम्बिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक-04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरगुजा जिले के लिए वर्ष 2026 में घोषित स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में 9 नवंबर को दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार गोवर्धन पूजा के ऐच्छिक अवकाश को सार्वजनिक सामान्य अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार अब 20 नवंबर को कार्तिक एकादशी (देवउठनी) के अवसर पर सरगुजा जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालयों के लिए लागू नहीं होगा।





CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

खबर संक्षेप

राज्य स्थापना दिवस पर मंत्री राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा।



समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस वर्ष राज्योत्सव की थीम सशक्त नारी, युवा उड़ान रखी गई है। समारोह में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों की झलक देखने को मिलेगी। आयोजन को उत्साहपूर्ण और गरिमामय बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। राज्य स्थापना दिवस पर जिले के शासकीय भवनों को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके माध्यम से जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, नवाचारों और सफल परियोजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रदर्शनी में विभागीय उपलब्धियों और योजनाओं से नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। स्थानीय कलाकार छत्तीसगढ़ की लोककला, लोक संस्कृति और परंपराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने और अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

सेवानिवृत्ति पर कलेक्टर ने प्रदान किया पेंशन गणना पत्रक



सूरजपुर। स्वास्थ्य विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं देने वाले कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी भैयाथान में पदस्थ पर्यवेक्षक दयाशंकर तिवारी को सेवानिवृत्ति के एक दिन पूर्व कार्यालयीन दिवस पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील द्वारा पेंशन गणना पत्रक प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती जमील ने उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग में दी गई दीर्घकालीन सेवाओं एवं योगदान की सराहना की। उन्होंने श्री तिवारी को उनके आगामी जीवन के स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्री तिवारी 31 अक्टूबर को अपनी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होंगे। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, कोषालय अधिकारी प्रेमशंकर तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव उपस्थित रहे।

पेज 1 के शेष...

बस व बाइक के बीच भिडंत...

हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस और बाइक दोनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। कोटवार जयप्रकाश की सूचना पर कुसमी पुलिस घटनास्थल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी भेजा। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना के बाद परिजन सदमें में है। शुक्रवार को पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

पानी निकासी का नहीं कोई साधन, नाली पर लोगों ने जमाया कब्जा

लगातार झमाझम बारिश से सड़क तालाब में तब्दील, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

नगर पालिका परिषद की लापरवाही अब लोगों पर भारी पड़ने लगा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी नगरीय प्रशासन शहर की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में नाकाम है। बारिश होने पर मुख्य मार्ग जहां तालाब में तब्दील हो जाता है तो वहीं मौसम साफ होने पर धूल के गुब्बार उड़ने लगते है। पिछले दो दिनों से लगातार हुई बारिश के बाद सड़क न सिर्फ तालाब में तब्दील हो गया बल्कि राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया।

खास बात

- शिकायत के बाद भी पानी निकासी के लिए नहीं किया गया कोई पहल

बलरामपुर के अटल चौक से लेकर के जोगी पेट्रोल पंप तक के नालियों और सड़क पर लोगों द्वारा मिट्टी डाल कर कब्जा कर लेने के वजह से बारिश का पानी नाली में नहीं बह रहा है और नहीं घरों का पानी नाली में बहता है। ऐसे में पानी निकासी के साधन नहीं होने से बारिश के दिनों में सड़क तालाब बन जा रहा है और सूखे मौसम में सड़क में मिट्टी होने से धूल के गुब्बार उड़ने लगते है। अर्बन तूफान की वजह से हुई झमाझम बारिश से अटल चौक से जोगी पेट्रोल पंप तक तालाब बन गया जिससे अटल चौक से लेकर के जोगी पेट्रोल पंप तक लोगों का चलना मुश्किल हो गया। सड़क पर पानी जमा होने से लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए शिशु मंदिर रोड और पुलिस लाइन रोड से आना-जाना करते नजर आए। इस मार्ग में बड़े पैमाने पर मिट्टी डालकर नाली और सड़कों पर कब्जा कर लिया गया है। इस मार्ग की व्यवस्था को लेकर पूर्व सीएमओ द्वारा 3 महीने की कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग में कुछ सुधार आया और जब सीएमओ का ट्रांसफर हुआ तो पूर्व की भांति लोगों ने पुनः इस नाली और सड़क पर कब्जा कर लिए। ऐसे में जब भी लगातार बारिश होती है तो सड़क पर अस्थाई तालाब निर्मित बन जाती है। सड़क पार पानी एकत्र हो जाने तथा आवागमन में परेशानी होने पर क्षेत्र के लोग कई बार नगर पालिका के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन आज तक नाली और सड़क की भूमि को कब्जा मुक्त कराने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। हैरानी की बात तो यह है कि नगर पालिका सीएमओ एक दिन भी मौके पर जाकर निरीक्षण करना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में क्षेत्र के लोगो तालाब निर्मित सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।



सड़क पर जमा पानी।

नहीं कर रहे नियम अनुसार कार्रवाई

नियमों अनुसार धारा 322 के तहत 5000 और धारा 270 के तहत नाली पर को बंद करना और जनता को परेशानी होने पर 6 महीने की जेल और जुर्माना का प्रावधान है। धारा 222 के तहत अपराध पंजीकृत करने का नगरपालिका के तरफ से नियम है, लेकिन इन नियमों का पालन नगर पालिका परिषद के सीईओ मन नहीं बना पा रहे हैं। नतीजा यह है कि शहर के सुंदरता पर लगातार ग्रहण लग रहा है। 6000 की जनसंख्या वाले 15 वार्ड की व्यवस्था को नगर पालिका प्रशासन नहीं संभाल पा रहा है। ऐसे में भविष्य में नगर का विकास कैसे होगा यह समझ से परे है।

बीमारी का खतरा

सड़क से पानी निकासी के साधन नहीं होने और नाली के जाम होने तथा बारिश के पानी के साथ गंदा पानी कई जगह जमा होने से मच्छरों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। ऐसे में गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा घरों से निकलने वाले गंदा पानी के सड़क पर जमा होने से न सिर्फ दुर्गंध से लोग परेशान है बल्कि लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

गड्ढे का नहीं चलता पता, दुर्घटना की आशंका

बारिश होने पर सड़क पर पानी एकत्र हो जाने से सड़क पर कहां गड्ढा है कहां नहीं है इसका अंदाजा मार्ग से गुजरने वाले लोग नहीं लगा पाते जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों का कहना है कि बारिश के पानी सड़क पर जमा हो जाने तथा भारी वाहन के आवागमन करने से सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। सड़क पानी से लबालब होने के कारण सड़क की वस्तु स्थिति समझ में नहीं आने से कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है।

संज्ञान में मामला

मामला हमारे संज्ञान में आया है। मामले में संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दिया गया है। दोबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी गई है। दोबारा ऐसा करने पर उन पर जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मिट्टी हटा करके जाम पडे नाली को दुरुस्त किया गया है और सड़क पर से पानी निकाल दिया गया है।

-दीपक एक्का
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



शिवनंदनपुर नपं की सामान्य सभा में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में गुरुवार 29 अक्टूबर को परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल सीएमओ सुनील सिन्हा सहित अन्य 15 वार्ड के पार्षदगण उपस्थित रहे।

- बीटी रोड, सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण समय पर पूरा करने के निर्देश

बैठक में नगर के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए बीटी रोड,सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्णय लिया गया,साथ ही सिटी डेवलपमेंट योजना के तहत शेष विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया,इसके तहत स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति एवं बिजली व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए गए,ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पार्किंग स्थल से चोरों ने पार की बाइक, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पार्किंग स्थल में खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रहलाद यादव आ. रामब्रत यादव चालक को काम करता है। हर रोज की भांति 26 अक्टूबर को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 3129 को देवीगंज रोड स्थित पार्किंग स्थल पर बाइक को खड़ा कर गाड़ी चलाने चला गया। शाम को वापस आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान, बताए ई-कचरे के स्रोत, दुष्प्रभाव और सुरक्षित निपटान के उपाय

बलरामपुर। ई-कचरा प्रबंधन दिवस पर 28 अक्टूबर को जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार निरापुरे के मार्गदर्शन में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ अंतर्गत यह कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने लोगों को बताया कि ई-कचरा क्या है, यह कहाँ से आता है, इससे क्या नुकसान होता है और इसका सही निपटान कैसे किया जाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा ई-कचरा प्रबंधन में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था।



विकासखंड बलरामपुर के बरदर, केरता, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, जरहाडीह, चित विश्रामपुर, जमुआटांड, विश्रामनगर और सौनी के विद्यार्थियों ने पोस्टर और चित्रकला के माध्यम से स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण का संदेश दिया। शंकरगढ़ विकासखंड में पीएम श्री हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ तथा दुर्गापुर, जगीमा, घुघरीकला, धारानगर और रेहड़ा के इको क्लब सदस्यों ने घरों और आसपास से पुराने मोबाइल, टॉर्च, कैलकुलेटर, चार्जर, केबल, बैटरी, खराब इलेक्ट्रॉनिक खिलौने और कंप्यूटर सामग्री एकत्र की। उन्होंने समझाया कि इनमें सीसा और कैडमियम जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए ई-कचरे को अन्य कचरे से अलग रखना चाहिए। राजपुर विकासखंड के माध्यमिक शाला बदौली, खोडरो, डुमरपारा, सिदमा, अखोराखुर्द, महेवापारा और लाउ के विद्यार्थियों ने गतिविधियों के माध्यम से बताया कि ई-कचरे का अनुचित निपटान मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है। उन्होंने पुराने उपकरणों की मरम्मत, पुनः उपयोग और सुरक्षित पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने का संदेश दिया। वहीं वाड्रफनगर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुलीडूमर के विद्यार्थियों ने ई-कचरा एकत्र कर विद्यालय में ई-वेस्ट कॉर्नर बनाया।

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

अम्बिकापुर। बाइक की टक्कर व पिकअप से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर निवासी सोमारी पति ठुलुआ नगेसिया (47 वर्ष) 26 अक्टूबर को पैदल लमगांव की ओर जा रही थी। जैसे ही लमगांव हनुमान मंदिर के समीप पहुंची तभी बाइक क्रमांक सीजी 14 एमआर 6417 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में कोरिया सोनहत अंतर्गत ग्राम भैसवार निवासी राम गोपाल आ. रामदास अहिर 28 अक्टूबर को गांव के ही ओम प्रकाश साहू के साथ उसके पिकअप से धान ढोने गया था। दोपहर में पिकअप से धान लेकर आ रहे थे तभी चलते पिकअप से राम गोपाल सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2026-27

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश्वर प्रसाद कुशवाहा आ. झब्बू राम कुशवाहा निवासी किलकारी हास्पिटल के पास तकिया रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4998/48 रकबा 0.024 हे. मेसे 962 वर्गफीट भूमि को अनावेदक सिमरन सिंह पत्नी मनीष सिंह निवासी हाईस्कूल के पीछे रिंग रोड बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16.11.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक :- 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

ईश्तहार (आम सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती गायत्री पटेल पति श्री विजय पटेल जाति गुजराती पटेल निवासी मकान नं. 50, वार्ड नं. 1, आमापारा लटोरी तहसील-लटोरी जिला-सूरजपुर छ.ग. का भूमि ग्राम-बिशुनपुरकला प.ह.नं.-10, तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. में खसरा नं. 146/26 रकबा 0.057 हे. व्यापवर्तित भूमि राजस्व अभिलेखों में अंकित है। उक्त भूमि के देख-रेख, मूल्य निर्धारण कर अनुबंध करने, बिक्री करने, विक्रय हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए मेरे पक्षकार द्वारा श्री अशोक अग्रवाल आ. स्व. आशाराम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कंपनी बाजार अम्बिकापुर थाना व तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. के पक्ष में पंजीकृत मुख्तारनामाआम दिनांक 09.02.2011 को निष्पादित की थी। मेरे पक्षकार श्रीमती गायत्री पटेल पति श्री विजय पटेल द्वारा उक्त पंजीकृत मुख्तारनामा को दिनांक 29.09.2026 को रद्द कर दी है और उप पंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर में मुख्तारनामाआम रद्द पत्र निष्पादित कर दी है जिसका इंडेक्स एडी-4, ग्रंथ क्रमांक 403, पेज नं0 277 से 292, विलेख क्रमांक CG-2026-27-182-4-256 है।

मेरे पक्षकार द्वारा श्री अशोक अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित मुख्तारनामाआम को वैधानिक रूप से रद्द कर दी है अब मुख्तारनामाआम दिनांक 09.02. 2011 के आधार पर श्री अशोक अग्रवाल को किसी भी प्रकार का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है अगर उनके द्वारा उपरोक्त भूमि का विक्रय हेतु अनुबंध कर कोई अग्रिम राशि ली जाती है तो अनुबंध करने वाले व्यक्ति उसके लिए जिम्मेदार होंगे, मेरा पक्षकार उक्त अनुबंध, सौदा, विक्रय के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। मुख्तारनामा रद्द कर दिये जाने से अब श्री अशोक अग्रवाल को उपरोक्त भूमि से संबंधित कोई भी अधिकार नहीं है समस्त अधिकारों को समाप्त करते हुए मुख्तारनामाआम दिनांक 29.09.2026 को रद्द कर दी गई है।

गुलशेर खान
(अधिवक्ता)
कार्यालय/निवास
समलाया मंदिर के समीप मोमिनपुरा
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.
मो.नं.-9425256365

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

online Booking:- www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.,(General Surgery) M.CH. (Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS,(AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. भुवन शर्मा M.D.,D.M. (Neurology)
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (Medicine)
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, FICH (Hematologist)
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
BLOOD BANK CENTRE
सुप्रसिद्ध ब्रेन एंजियोकार्डी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM (Neurology) FNB (Neurologist)
सुप्रसिद्ध मनोरोग,मशानुक्ति व सेक्सोलोजिस्ट विशेषज्ञ डॉ.निशांत कुमार साहू
01 नवम्बर 2026, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक वे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, मलमाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
9753266386

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 01 नवंबर, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

















शास्त्री एग्रो इण्डस्ट्रीज
अधिकृत विक्रेता: महिन्द्रा ट्रैक्टर्स (सूरजपुर जिला) मनेन्द्रगढ़ रोड, सूरजपुर मो. 9425254465
सेल्स 8458810941 सर्विस 6268388820





जीवेत शरदः शतम्



Happy Birthday





परम आदरणीय श्रध्येय सरगुजा महाराज
पूर्व उप मुख्यमंत्री

मान. श्री टी.एस. सिंह देव जी

को जन्मदिन की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

Mount Litera Zee School
NURTURING POTENTIAL, UNLEASHING BRILLIANCE.
AMBIKAPUR
9770323237,8223049555

मान. टी.एस. सिंहदेव जी

पूर्व उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन







राम कृष्ण गोयल

प्रोप्राइटर

राधे कृष्ण गोयल

प्रदेश सचिव- एनएसयूआई

श्री राम फर्नीचर्स एण्ड इलेक्ट्रॉनिक | श्री राम इंडस्ट्रीज

घड़ी चौक, चर्च रोड केदारपुर, अंबिकापुर सरगुजा (छ.ग.) 9826804186,8889536205

मेसर्स- श्री सीताराम अग्रवाल टिम्बर मर्चेन्ट (लकड़ी मिल)

खबर संक्षेप



चांद की बेरुखी ने परेशान किया महिला व्रतियों को

सलका अघिना। पति की लंबी आयु के लिए व्रतियों महिलाओं द्वारा प्रेम आस्था और विश्वास के प्रतीक पर्व करवा चौथ को उत्साह के साथ मनाया। पति की लंबी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए कामना कर अपना अपना व्रत पूरा किया। गुरूवार को करवा चौथ के अवसर पर सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने दुकानों में खरीदारी करने पहुंची। लगातार हो रही बारिश के बाद भी महिलाएं खरीदारी की और शाम को महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर करवा चौथ की कथा सुनी। शाम को मौसम की बेरुखी ने चांद का दीदार करने नहीं दिया। पंडितों द्वारा दिए गए निर्देश और मोबाइल के माध्यम से चांद देखकर व्रतियां ने अपना व्रत पूरा किया।

अंग्रेजी व महुआ शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार, गया जेल



अम्बिकापुर। घर में अंग्रेजी व महुआ शराब बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से 39 पाव अंग्रेजी शराब व 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम शुक्रवार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में जिला सूरजपुर में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान ग्राम गेतरा पहुंचने पर मुखबिर ने सूचना मिला कि गेतरा निवासी सुरेश पोर्ते भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बेचता है। सूचना पर तत्काल संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने ग्राम गेतरा में सुरेश पोते के घर दबिश दी तो सुरेश पोर्ते घर पर मौजूद मिला। सुरेश पोर्ते के घर की तलाशी में 39 पाव अंग्रेजी शराब तथा 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1), 34(2),36,59(1) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय सूरजपुर में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी सुरेश पोर्ते ने स्वीकार किया है कि उसके घर से बरामद 15 लीटर महुआ शराब उसका है लेकिन 39 पाव अंग्रेजी शराब जो उसके घर से बरामद हुआ है वह उसका नहीं बल्कि उसके पड़ोसी प्रताप पोर्ते आ. चंद्रशेखर पोर्ते का है जो उसके घर रखा था। दूसरे आरोपी प्रताप पोते की खोजबीन की गई परन्तु वह घर पर नहीं मिला उसकी तलाश की जा रही है।

नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के मामले में 25 हजार रूपए का जुर्माना

अम्बिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने सहित नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के अलग अलग मामलों में 45 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के मामले में अभिभावक पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के मामले में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था जहां से न्यायालय द्वारा अभिभावक पर 25 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में वाहन क्रमांक सीजी 01 यूएफ 0304 के चालाक गांधीनगर पटपरिया निवासी 40 वर्षीय मनोज तिर्की आ. तरसीयुस तिर्की व वाहन क्रमांक सीजी 15 जीपी 2003 के चालक लुंड्रा जरहाडीह निवासी दिलीप गुप्ता उर्फ सोनू गुप्ता आ. स्व. सुरेन्द्र गुप्ता जांच के दौरान शराब के नशे में धुत पाए गए। मामले में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा दोनों पर दस-दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

4 नवम्बर तक लंबित वेतन का भुगतान नहीं होने पर सफाई कर्मी करेंगे हड़ताल

अम्बिकापुर। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने नियमित वेतन भुगतान, जीपीएफ एवं इपीएफ की लंबित राशि एवं बकाया समयमान एरियर्स का लंबित भुगतान 4 नवम्बर तक नहीं होने पर 5 नवम्बर से सफाई कर्मियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष मुसन राम ने बताया कि ननि के सफाई कर्मियों को नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रह है। ननि कर्मचारियों के वेतन से हर महीने जीपीएफ एवं इपीएफ राशि की कटौती कर रहा है लेकिन राशि उनके खाते में जमा नहीं हो रही है। कर्मचारियों को समयमान वेतन एरियर्स का भी भुगतान वर्षो से लंबित पड़ी है। दिवाली को देखते हुए ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंप अक्टूबर तक का लंबित वेतन एवं समयमान वेतन का वर्षो से लंबित एरियर्स का भुगतान 4 नवम्बर तक करने एवं वेतन से काटी गई जीपीएफ व एपीएफ राशि प्रत्येक महीने कर्मचारियों के खाते में जमा करने की मांग की गई है। लंबित राशि का भुगतान 4 नवम्बर तक नहीं होने पर सफाई कर्मी 5 नवम्बर से अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। हड़ताल के दौरान सफाईकर्मी अपनी जोन ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे लेकिन सफाई कार्य नहीं करेंगे।

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में लगतार बारिश से धान की फसल हुई तबाह....





बिहारपुर। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में लगातार बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश से खेत-खलिहानों में रखी धान की तैयार फसल पूरी तरह से भींग गई है साथ ही खेतों में पानी जमा हो गया हैं तूफान के प्रभाव से लगातार हवाएं चलने एवं बारिश होने से खेतों में खड़ी धान की फसल लेट गई है। किसानों को धान के बालियों में अंकुरण होने का भय सता रहा है। बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान होने से किसान काफी चिंतित हैं। अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा चांदनी बिहारपुर में अपेक्षाकृत अधिक बारिश हुई है।

लक्ष्मीपुर और ओडिशा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम हर्राटिकरा स्थित खेलो इंडिया ग्राउंड में आयोजित राज्यस्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा,खिताबी मुकाबले में प्रगति क्लब लक्ष्मीपुर और मैट्स क्लब ओडिशा की टीमें आमने-सामने होंगी, शुक्रवार को खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त दी और फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के साथ दर्शकों का उत्साह भी देखने लायक है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

खास बातें
- नाइजीरियाई मूल के खिलाड़ियों को देखने उमड़ रही दर्शकों की भीड़
- विजेता को 41 हजार और उपविजेता को मिलेंगे 31 हजार रुपये

शुक्रवार को प्रतियोगिता के तहत दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में प्रगति क्लब लक्ष्मीपुर और एसएस क्लब गुमगरा के बीच मुकाबला हुआ। इसमें लक्ष्मीपुर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए गुमगरा को 3-1 गोल से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। मुकाबले के दौरान लक्ष्मीपुर के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और गोल करने के अवसरों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए जीत हासिल की। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, अन्य अतिथियों में वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी राम बहादुर लामा सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।



सेमीफायनल मैच के खिलाड़ी।

ओडिशा की टीम ने वीरपुर को हराकर फाइनल में बनाई जगह

प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मैट्स क्लब ओडिशा और वीर शिवाजी वीरपुर के बीच खेला गया,इस मुकाबले में ओडिशा की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और एक के बाद एक तीन गोल दागकर मुकाबले पर अपना दबदबा कायम किया। शानदार प्रदर्शन के दम पर मैट्स क्लब ओडिशा ने वीर शिवाजी वीरपुर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान दशरथ राजवाड़े, रूपनारायण राजवाड़े, आलम साय राजवाड़े और भरत राजवाड़े उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के साथ प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग किया। शुक्रवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले संपन्न होने के बाद फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। शनिवार को प्रगति क्लब लक्ष्मीपुर और मैट्स क्लब ओडिशा के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। दोनों टीमें सेमीफाइनल में जीत दर्ज कर आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेंगी। ऐसे में फाइनल मुकाबले को लेकर खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

नाइजीरियाई मूल के खिलाड़ी बने आकर्षण का केंद्र

हर्राटिकरा के खेलो इंडिया ग्राउंड में 24 अक्टूबर से आयोजित राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश के बाहर की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया है। हालांकि, मैट्स क्लब ओडिशा की टीम में शामिल नाइजीरियाई मूल के खिलाड़ी दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन खिलाड़ियों के खेल को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मैदान पहुंच रहे हैं। विदेशी मूल के खिलाड़ियों की मौजूदगी ने प्रतियोगिता के प्रति लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। मैदान में खिलाड़ियों के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबलों का दर्शक भरपूर आनंद ले रहे हैं। खेल के दौरान दर्शकों का उत्साह और खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रतियोगिता को खास बना रहा है। प्रतियोगिता में दर्शकों की लगातार बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी फुटबॉल के प्रति लोगों का आकर्षण बरकरार है। स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ खेल संस्कृति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

साथ ही आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

ग्रामीणों के सहयोग से हो रहा आयोजन

हर्राटिकरा में आयोजित इस राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता की एक खास बात यह है कि इसका आयोजन ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से किया है। आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंच रही टीमों और दर्शकों की भागीदारी ने आयोजन को उत्सव जैसा माहौल दिया है। आयोजन समिति के अनुसार, शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 41 हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ शील्ड प्रदान की जाएगी। वहीं, उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार राशि को लेकर भी खिलाड़ियों में उत्साह है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को लेकर आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। अब सभी की निगाहें लक्ष्मीपुर और ओडिशा की टीमों के बीच होने वाले खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं।

कमजोर हुआ चक्रवाती तूफान, अब गिरेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चक्रवाती तूफान अर्नब के शुक्रवार को कमजोर पड़ने से पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से राहत मिली है। मौसम अधिकारी आसमान पर सक्रिय बादलों के साफ होते ही दिन एवं रात के तापमान में तेज गिरावट होने के साथ ही ठंड प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से शहर सहित पूरे संभाग भर में बुधवार से ही लगातार हल्की बारिश हो रही है।

- दो दिन में 52.3 मिमी वर्षा रिकार्ड

मौसम विभाग द्वारा गुरुवार को भी रात में तेज रफ्तार हवाओं के साथ कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की गई थी। इस दौरान बीच बीच में तेज वर्ष हुई लेकिन राहत की बात रही कि हवा की रफ्तार सामान्य रही। शुक्रवार को भी आसमान पर घने बादल छाए रहे। सुबह घने बादलों के बीच कुछ देर के लिए सूरज भी निकला लेकिन पूरे दिन घने बादल छाए रहे। शुक्रवार को भी बीच बेच में बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ हल्की वर्षा हुई। मौसम अधिकारी शुक्रवार को भी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे लेकिन मामूली वर्षा के साथ पूरे दिन राहत रही। अधिकारी शनिवार को आसमान साफ होने के साथ ही तापमान में तेज गिरावट होने एवं न्यूनतम पारा के 10 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंचने की संभावना व्यक्त आकर रहे है। बुधवार को तूफान के प्रभाव से आसमान में बादलों का घनत्व बढने के कारण अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। लगातार बारिश होने के कारण गुरुवार को क्रमशः दिन एवं रात के तापमान में गिरावट हो रही है। गुरुवार को अधिकतम पारा 27.5 डिग्री एवं न्यूनतम पारा 18.8 डिग्री तथा शुक्रवार को क्रमशः 23.4 एवं 19.8 डिग्री रिकार्ड किया गया है। तूफान के प्रभाव से गुरुँवर को 19.0 मिमी एवं शुक्रवार को 33.3 मिमी कुल 52.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। लगातार बारिश एवं हवा से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। राहत की बात है तूफान के प्रभाव से विद्युत लाइन एवं उपकरणों को क्षति नहीं पहुंची है।



ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत, बालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

सलका करोटी मुख्य मार्ग के ग्राम टईया में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुर्घटना में बालक घायल हो गया। घायल बालक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम केवड़ा निवासी देवनाथ आ. लाल साय यादव अपनी पत्नी मनबसिया और 12 वर्षीय नाती आशीष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 16 सीटी 4485 से दामाद के यहां मूंगफली कोड़ने टईया आए हुए थे। शाम को काम खत्म होने पर तीनों बाइक से चंदरपुर रोड से घर जाने के लिए निकले। जैसे ही बाइक सवार मुख्य मार्ग मोड़ के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 1246 सामने आ गया। ट्रक चालक बाइक सवार को बचाने का प्रयास किया और रोड के दूसरी ओर भी चला गया लेकिन ट्रक की चपेट में बाइक सवार आ गए। मनबसिया ट्रक के नीचे आ गई और नाती आशीष दूर गिर गया जबकि बाइक सहित देवनाथ ट्रक के सामने घिसटते कुछ दूर तक चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद तीनों को भैयाथान अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत पति पत्नी को मृत घोषित कर दिया। इधर चेंद्रा चौकी प्रभारी के अलावा एडिशनल एसपी योगेश देवांगन, भैयाथान थाना प्रभारी सहित तसीलदार भटगांव शिव नारायण राठिया मौके पर पहुंचे और तत्काल पीएम रिलीफ फंड से मुआवजा प्रकरण बना कर भेज दिया गया है।

60 बच्चों की जांच में 23 मिले हृदय रोग से ग्रसित

अम्बिकापुर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत जन्मजात हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान और समुचित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 60 बच्चों की ईकोजांच की गई। जांच में 60 में से 23 गंभीर रूप से पीड़ित बच्चों को उच्च स्तरीय उपचार के लिए चिन्हांकित किया गया है। इन बच्चों का रायपुर स्थित वेंकटेश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। शिविर में श्री वेंकटेश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा दल ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार संबंधी परामर्श दिया। शिविर के पूर्व जिले के सभी विकासखंडों में संचालित चिरायु दलों द्वारा जन्मजात हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों का चिन्हांकन किया गया था। बच्चों एवं उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कर उन्हें शिविर में जांच के लिए बुलाया गया। शिविर में बच्चों की ईको जांच के साथ चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार सोनोग्राफी, ईसीजी एवं एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक जांच भी कराई गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कर आगे के उपचार के संबंध में परामर्श दिया। साथ ही बच्चों को आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) का उद्देश्य जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात विकृतियों, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों एवं विकासात्मक विलंब की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर में सीएमएचओ डॉ. जेएस सरूता, एमएस. मेडिकल कॉलेज डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेके रेलवानी, श्री वेंकटेश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के हार्ट एवं वेस्कुलर सर्जन डॉ. निशांत सिंह चंदेल, आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. केपी विश्वकर्मा, विवेक चंद्राकर, राकेश प्रजापति, प्रवेल सिंह सहित जिले के सभी विकासखंडों के चिरायु दल के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- चिरायु द्वारा लगाया गया शिविर, रायपुर में होगा नि:शुल्क उपचार



400 हितग्राहियों को महीनों से राशन नहीं मिलने का दावा, राशन की हेराफेरी का आरोप, सौंपा ज्ञापन

पांच महीने से राशन नहीं मिलने पर भड़के ग्रामीण, दुकान में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब परिवारों को मिलने वाला सरकारी राशन उनके भरण-पोषण का प्रमुख सहारा है। लेकिन जब इसी राशन के लिए हितग्राहियों को महीनों तक इंतजार करना पड़े और वितरण में अनियमितता के आरोप सामने आने से ग्रामीणों का आक्रोश होना स्वाभाविक है। कुछ ऐसा ही लखनपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरता में सामने आया है। यहां पांच महीने से राशन नहीं मिलने और वितरण में कथित गड़बड़ी से नाराज ग्रामीणों ने राशन दुकान में ताला जड़ दिया। दुकान के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन करने के बाद ग्रामीणों तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत गोरता में संचालित राशन दुकान में वितरण व्यवस्था लंबे समय से मनमाने तरीके से चल रही है। हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि कई लोगों को महीनों से खाद्यान्न के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर गंभीर लापरवाही और वितरण में अनियमितता के आरोप लगाते हुए विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण राशन दुकान के सामने एकत्रित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुकान में ताला लगा दिया, जिसके बाद स्थिति को देखते हुए दुकान संचालक को दुकान बंद करनी पड़ी।



ग्रामीणों का कहना था कि बार-बार मांग करने के बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल रहा है। इससे गरीब परिवारों के सामने भोजन की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम पंचायत गोरता में लगभग 900 राशन कार्ड धारक हितग्राही हैं। इनमें से करीब 400 हितग्राहियों को कई महीनों से राशन नहीं मिलने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन देने के नाम पर कई बार उनसे अंगूठा लगवा लिया जाता है, लेकिन जब खाद्यान्न लेने पहुंचते हैं तो राशन खत्म होने की बात कहकर वापस भेज दिया जाता है। ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर करीब 25 लाख रुपये के राशन की कथित हेराफेरी का भी आरोप लगाया है। हालांकि इस राशि और खाद्यान्न की कथित हेराफेरी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत गोरता की राशन दुकान का संचालन महामाया स्वयं सहायता समूह के नाम से किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान नियमित रूप से नहीं खोली जाती और महीने के अंतिम दिनों में राशन वितरण किए जाने से कई हितग्राही समय पर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर पाते। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर राशन वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

वाहनों से तहसील पहुंचे ग्रामीण

राशन दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण पिकअप सहित अन्य वाहनों से तहसील कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसीलदार लखनपुर अमन चतुर्वेदी के समक्ष आवेदन सौंपकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती और हितग्राहियों को नियमित रूप से राशन मिलना शुरू नहीं होता, तो वे कलेक्टर के समक्ष भी शिकायत लेकर पहुंचेंगे।

अधिकारियों से करेंगे चर्चा

ग्रामीणों को पांच माह से राशन नहीं मिला है तो इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से चर्चा की जाएगी। आगे की कार्रवाई जांच के बाद की जाएगी।

-अमन चतुर्वेदी, तहसीलदार

व्यापारियों ने निकाली बाइक रैली, चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की है मांग

सड़क निर्माण की मांग को लेकर चरचा बंद, नपा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। वर्षों से सड़क निर्माण की बाट जोह रहे क्षेत्रवासियों ने शुक्रवार को एकजुट होकर चरचा बंद का आह्वान किया।

इस दौरान समस्त व्यापारियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन में सहभागिता निभाई। वहीं चरचा बचाव मंच एवं व्यापारी संघ के नेतृत्व में सैकड़ों बाइक रैली निकालकर शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया गया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पहले सड़क, फिर वोट का नारा प्रमुखता से गूंजता रहा। चरचा बचाव मंच द्वारा जारी पोस्टर के माध्यम से पहले ही स्पष्ट संदेश दिया गया कि जब तक चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आगामी दिसंबर माह में होने वाले नगर पालिका चुनाव में भागीदारी को लेकर विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों और प्रत्याशियों द्वारा विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन क्षेत्र की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को निकाली गई बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, युवा एवं आम नागरिक शामिल हुए।



रैली की शुरूआत चरचा के राजीव गांधी चौक से हुई, जो टीना दफाई, मुख्य मार्ग, सुभाष नगर झोपड़ी दफाई एवं रुपनगर गौरवपथ होते हुए चरचा-कटगोड़ी बंद पड़े मार्ग तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर अपना समर्थन जताया। रैली के समापन अवसर पर चरचा-कटगोड़ी मार्ग सहित अन्य जगहों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने सड़क की बदहाल स्थिति, क्षेत्र के विकास में आ रही बाधाओं और भविष्य की चुनौतियों को लेकर अपनी बात रखी। चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मामला आज का नहीं, बल्कि करीब दो दशक पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 20 वर्ष पूर्व इस सड़क के निर्माण की पहल शुरू की गई थी, लेकिन वन विभाग की ओर से रोक लगाए जाने के बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद से ही सड़क निर्माण का मामला विभिन्न स्तरों पर लंबित बना हुआ है। चरचा बचाव मंच एवं स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि राजनीतिक दबाव, विभागीय अड़चनों और लगातार अनदेखी के कारण आज तक इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण धरातल पर नहीं उतर पाया है।

सड़क निर्माण पर पार्टियां स्पष्ट करें अपनी नीति

मंच का कहना है कि चुनाव के दौरान वोट मांगने आने वाले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं एवं प्रत्याशियों को पहले चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण को लेकर अपनी स्पष्ट स्थिति बतानी होगी। केवल आश्वासन और वादों से अब क्षेत्रवासी संतुष्ट नहीं होंगे। प्रत्याशियों को यह स्पष्ट करना होगा कि सड़क निर्माण कब तक शुरू होगा और इसे पूरा करने के लिए क्या ठोस कार्ययोजना है। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती है, तो क्षेत्र के व्यापारी एवं नागरिक एकजुट होकर आगामी नगर पालिका चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं। मंच का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग पूरी होने और उसकी स्पष्ट समय-सीमा सामने आने के बाद ही चुनाव में भागीदारी को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। शुक्रवार को चरचा बंद और बाइक रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया।

तीसरे दिन दिनभर छाए रहे बादल रुक-रुक कर होती रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

चक्रवाती तूफान अर्नब का असर तीसरे दिन भी मनेन्द्रगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला। बुधवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी पूरी तरह थम नहीं सका। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ समेत आसपास के ग्रामीण एवं कस्बाई इलाकों में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। लगातार बदले मौसम के कारण जनजीवन की रफ्तार प्रभावित हुई और ठंड का असर भी अचानक बढ़ गया।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में बारिश होने से सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। दोपहर के समय भी मौसम में गर्माहट महसूस नहीं हुई और शाम होते-होते ठंड का असर और बढ़ गया। लगातार तीसरे दिन खराब मौसम का सीधा असर कारोबार पर भी पड़ा। मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख बाजारों में सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही काफी कम रही। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे नजर आए। बारिश के कारण सड़क किनारे लगने वाली छोटी दुकानें और ठेला व्यवसाय भी प्रभावित हुए। सब्जी, फल, चाय-नाश्ता सहित दैनिक जरूरत के सामान का कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों को भी मौसम की मार झेलनी पड़ी। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण बाजार में ग्राहकों की संख्या घट गई है। दीपावली के बाद बाजार में जिस तरह की चहल-पहल की उम्मीद थी, उस पर खराब मौसम का असर पड़ा है।



महंगाई भत्ता और राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि

बैकुण्ठपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीपावली के पावन पर्व से पहले प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनरों की महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके तहत आगामी 1 नवंबर 2026 से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 3 लाख 85 हजार शासकीय कर्मचारियों और 1 लाख 50 हजार पेंशनरों को लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में वृद्धि से राज्य सरकार पर लगभग 36 करोड़ रुपए प्रतिमाह तथा 432 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति संवेदनशील है।

लापरवाही पर 7 मैदानी कर्मचारियों को नोटिस

बैकुण्ठपुर। सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत पूरी टीम आपसी समन्वय बनाकर पूरे टीमवर्क से अपने दायित्वों का गंभीरता से निवर्हन करें। आम नागरिकों का जीवन सुलभ बनाने के लिए सभी योजनाएं संचालित की जा रही हैं और इसका वास्तविक लाभ दिलाने में ग्राम पंचायत की अहम भूमिका है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बैकुंठपुर जनपद पंचायत की पूरी टीम के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया। ग्राम पंचायत वार समीक्षा करते हुए उन्होने आवश्यक प्रगति के लिए ग्राम पंचायतों के प्रभारी तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने वाले तकनीकी सहायक, तीन ग्राम पंचायत सचिव और और चार ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पंचायत की उपसंचालक सुश्री कुसुम, जनपद पंचायत के सीईओ तथा सभी योजनाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत में अत्यंत वंचित वर्ग के हितग्राहियो के लिए प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर बात की। उन्होने सोलर दीदियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों के चयन तथा दस्तावेजीकरण पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिवों को सोलर उर्जा के तहत प्रत्येक पक्के मकान में सौर संयंत्र लगाने हेतु बिजली उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए निरंतर संवाद करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों में जितने भी संपन्न वर्ग के नागरिक हैं उन्हे प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जोड़े और ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को इसका लाभ दिलाएं।





16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान














क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।